मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वंदे मातरम् गान के साथ आरंभ हुई मंत्रि-परिषद की बैठक

# शाह करेंगे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभः डॉ. यादव

- चौदह जुलाई को प्रदेश के समस्त 55 जिलों में एक साथ होगा शुभारम्भ
- स्थानीय औद्योगिक इकाई संचालकों को विस्तार के लिए किया जाए प्रोत्साहित



भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रसन्नता का विषय है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आगामी 14 जुलाई को प्रदेश के सभी 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का एक साथ शुभारंभ कर रहे हैं।**

एक्सीलेंस कॉलेजों की विशेषता है कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप इनमें सभी कोर्स उपलब्ध होंगे तथा ये कॉलेज सभी संसाधनों से युक्त होंगे। युवा पीढ़ी को इन कॉलेजों का लाभ मिलेगा। सभी मंत्रीगण अपने-अपने क्षेत्र में कॉलेजों के शुभारंभ कार्यक्रम में अवश्य शामिल हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में यह बात कही। बैठक मंत्रालय में वंदे मातरम् गान के साथ आरंभ हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के बजट की सभी ओर सराहना हो रही है। बजट के जन-कल्याणएवं विकास से संबंधित प्रमुख बिंदुओं पर सभी जिलों में संवाद कार्यक्रम किए जाएं। प्रदेश के विभिन्न अंचलों को राजधानी से सीधे जोड़ने के लिए बनने वाले एक्सप्रेस-वे तथा सभी विभागों को उपलब्ध कराई गई पर्याप्त राशि से प्रदेश के विकास पर होने वाले प्रभाव के संबंध में जिलों में चर्चा हो।

### औद्योगिक गतिविधियों का हो विस्तार

डॉ. यादव ने कहा कि 20 जुलाई को जबलपुर में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हो रहा है। प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए सभी जिलों में सहयोग व मार्गदर्शन कार्यक्रम संचालित किए जाएं। प्रदेश के स्थानीय औद्योगिक इकाई संचालकों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें अपनी गतिविधियों का विस्तार करने एवं निवेश को बढ़ाने के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराते हुए प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पड़ौसी राज्यों के साथ विभिन्न गतिविधियों में समन्वय और सहयोग बढ़ाया जाएगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश और राजस्थान के धार्मिक महत्व के स्थलों में बेहतर नेटवर्क विकसित करने में रुचि दिखाई है।

दोनों राज्यों के बीच नदी जोड़ों अभियान पर भी गतिविधियां चल रही हैं। इसी प्रकार महाराष्ट्र के साथ भी नदी जोड़ों अभियान की संभावनाओं पर चर्चा हुई है। नवाचार से छिंदवाड़ा सहित अन्य जिलों में पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पौधरोपण अभियान के अंतर्गत साढे 5 करोड़ पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने इंदौर एवं भोपाल में जारी पौध-रोपण गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी जिले पौधरोपण का लक्ष्य तय करें एवं सभी विभागों में समन्वय करते हुए इसे अंजाम दिया जाए। डॉ. यादव ने कहा कि अभियान में लगाए गए पौधों के रख-रखाव के लिए लोगों को प्रेरित भी किया जाए।

## उद्यमिता को बढ़ावा देने हर संभव प्रयास किए जाएंः काश्यप



भोपाल(काप्र)।

**एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने बुधवार को मंत्रालय में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की समीक्षा की। श्री काश्यप ने हाल ही में पंजीकृत स्टार्टअप्स की जानकारी ली।**

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि एमएसएमई वेबसाइट पोर्टल में सुधार किया जाए ताकि उद्यमियों को बेहतर और सरल सेवाएं मिल सकें। श्री काश्यप ने इनक्यूबेटर्स की कार्य प्रणाली की भी समीक्षा की। अधिकारियों एवं एक्सपर्ट्स को निर्देश दिए कि वे जिलों में जाकर वहाँ की आवश्यकताओं के अनुसार स्टार्टअप योजनाएं तैयार करें। इसके अलावा, कॉलेज के छात्रों को स्टार्टअप्स की ओर आकर्षित करने के लिए विशेष योजनाएं बनाने के भी निर्देश दिए गए ताकि अधिक से अधिक युवा उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ सकें। बैठक में वित्तीय सहायता पर भी चर्चा हुई। लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द राज्य स्तरीय वित्तीय सहायता समिति की बैठक में क्लियर करने के निर्देश दिए। सीड फण्ड की प्रगति की भी समीक्षा की गई। श्री काश्यप ने अधिकारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सक्रियता से कार्य करने को कहा है। जिससे राज्य में उद्यमिता को और अधिक बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्यमियों को हर संभव समर्थन करेगी एवं राज्य में स्टार्टअप्स के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### श्रीमती थापक के निधन पर जनसंपर्क विभाग ने दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** जनसंपर्क विभाग में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ रही श्रीमती पूजा थापक के आकस्मिक निधन पर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि दी। सभी ने विभाग की होनहार अधिकारी के असामयिक निधन पर गहन शोक व्यक्त किया। श्रीमती थापक जनसंपर्क संचालनालय में सौंपे गये दायित्वों को बखूवी निर्वहन कर रही थीं। उनके निधन पर विभाग में शोक की लहर व्याप्त है। श्रीमती थापक भोपाल के पहले छतरपुर और इंदौर जिले में भी पदस्थ रही थीं।

## ई-विधान परियोजना से बचेगा समय होगा पर्यावरण का संरक्षणः जिराती

**भोपाल। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती ने राज्य मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि राज्य मंत्रिमंडल ने ई-विधान परियोजना को मंजूरी दी है, जिससे विधानसभा की कार्यवाही में गति आएगी साथ ही पर्यावरण के संरक्षण में भी सहयोग मिलेगा।**

श्री जिराती ने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने बुधवार को जिस ई-विधान परियोजना को मंजूरी दी है, उससे न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि पेपरलैस होने के कारण इस परियोजना से पर्यावरण के संरक्षण में भी योगदान मिलेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह परियोजना ग्रीन गवर्नेंस का उत्कृष्ट उदाहरण बनेगी। श्री जिराती ने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने 9271 करोड़ की लागत वाली जिन सात सिंचाई परियोजनाओं को स्वीकृति दी है, उनसे मध्यप्रदेश के हिस्से के नर्मदा जल का संपूर्ण उपयोग सुनिश्चित होगा। इससे किसानों को उनकी फसलों के लिए भरपूर पानी मिलेगा तथा प्रदेश के सिंचित रकबे में भी वृद्धि होगी। श्री जिराती ने कहा कि सीधी जिले में बोकारो नदी पर बनने वाली एक परियोजना को भी मंजूरी दी है, जिससे 3310 हेक्टेयर जमीन पर सिंचाई हो सकेगी तथा 11 गांवों के दस हजार से ज्यादा किसानों को फायदा होगा। श्री जिराती ने कहा कि प्रदेश में अब तक विमुक्त, घुमंतु और अर्धघुमंतु जातियों के छात्र-छात्राओं को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति से कम छात्रवृत्ति मिलती थी। लेकिन राज्य मंत्रिमंडल ने बुधवार को जो निर्णय लिया है, विमुक्त, घुमंतु और अर्ध घुमंतु वर्ग के विद्यार्थियों को भी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के बराबर छात्रवृत्ति मिलने लगेगी।

विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु समुदाय की...

## विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं तेजीः कृष्णा



भोपाल(काप्र)।

**पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण एवं विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा है कि प्रदेश की विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु जातियों के कल्याणकी योजनाओं के क्रियान्वन में तेजी लाएं।**

उन्होंने कहा कि डेटाबेस के आधार पर परिवारों को विभिन्न जन-कृयाणकारी योजनाओं से जोड़ा जाये। श्रीमती गौर ने यह निर्देश विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध-घुमन्तु विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। श्रीमती गौर ने विमुक्त घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु जातियों के कल्याणकी विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वन की प्रगति की समीक्षा की। श्रीमती गौर ने कहा कि विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु समुदाय के अधिक से अधिक परिवारों को लाभान्वित किया जाए। बैठक में बताया गया कि शैक्षणिक योजनाओं में समुदाय की 71 हजार छात्र-छात्राओं को वर्ष 2023-24 में छात्रवृत्ति प्रदान की गई। विभाग के अंतर्गत 141 छात्रावास, आश्रम, सामुदायिक कल्याणकेन्द्र संचालित हैं। इनमें 4485 बालक और 2065 बालिका के लिए कुल 6550 सीटे स्वीकृत है। विमुक्त जाति बस्ती विकास योजना में वर्ष 2024-25 के लिए 516 लाख रूपये के बजट का प्रावधान है। अपर मुख्य सचिव पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याणतथा विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध-घुमन्तु अजीत केसरी, विमुक्त घुमक्कड़, अर्द्ध-घुमक्कड़ जाति विकास अभिकरण के अध्यक्ष श्री बाबूलाल बंजारा, उप सचिव कुमार पुरूषोत्तम, संचालक विमुक्त, घुमन्तु, अर्द्ध-घुमन्तु कल्याणश्री नीरज वशिष्ठ और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रदेश में रोजगार बढ़ रहा,कांग्रेस शासित राज्यों में घट रही नौकरियांः विष्णुदत्त



भोपाल (काप्र)।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा प्रदेश में रोजगार को लेकर सवाल खड़ा करती है,लेकिन उसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की रिपोर्ट का अध्ययन करना चाहिए, जिसमें मध्य प्रदेश में सात सालों में 6 लाख नौकरियों के बढ़ने की बात कही गई है और रोजगार में 12.2 प्रदिशत की वृद्धि हुई है।**

ये दर्शाता है कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में मध्यप्रदेश में रोजगार की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं व स्टार्टअप को बढ़ावा देने से रोजगार के अवसर खुले हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों पर नजर डालें तो मौजूदा वित्तीय वर्ष में देश में 6 प्रतिशत रोजगार बढ़ा है। एक तरफ जहां भाजपा शासित राज्यों मध्यप्रदेश, गुजरात एवं राजस्थान में रोजगार के अवसर खुले हैं। वहीं कांग्रेस व विपक्षी दलों की जहां सरकारें हैं वहां रोजगार कम हुआ है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आज देश के लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूसी संघ के सर्वोच्च्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह देश की 140 करोड़ जनता का सम्मान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान-सम्मान लगातार बढ़ रहा है। एक समय था जब दुनिया भारत को नजरअंदाज करती थी, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली को देखकर उन्हें सम्मानित कर रही हैं। दुनिया मानती है कि वर्षों बाद एक ऐसा नेता मिला है जो भारत ही नहीं पूरी दुनिया के राह दिखा रहा है और भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन धर्म का मूल संस्कार और विचारधारा वसुधैव कुटुम्बकम् को निभाकर दुनिया का कल्याण करने में लगा है।

### बंगाल में 30 फीसद रोजगार घटा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में रोजगार 30 प्रतिशत घटा है। कांग्रेस शासित राज्य कर्नाटक में 13 प्रतिशत एवं विपक्षी गठबंधन की सरकार वाले राज्य तमिलनाडु में 12 प्रतिशत से अधिक रोजगार घटा है। भाजपा शासित राज्यो में लगातार रोजगार में हो रही वृद्धि यह दर्शाती है कि भाजपा सरकारों की कथनी और करनी में अंतर नहीं है और प्रधानमंत्री जी के मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास पर काम कर रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज अमरवाड़ा में जनता खुलकर मतदान कर रही है। दोपहर तक अच्छा मतदान हुआ है और आशा है कि शाम 6 बजे तक मतदान का प्रतिशत 80 के आसपास रहेगा।

**स्पेशल खबर** आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित और...

## स्वस्थ भविष्य के लिए पौध-रोपण अत्यंत जरूरीः पटेल

भोपाल(काप्र)।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत इंदौर जिले में 51 लाख पौधे लगाए जाने का कार्य तेजी से जारी है। प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने महू के समीप भाटखेड़ी में हेमा बुधवार को रेंज परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर एकत्रित ग्रामीणों ने 25 हजार पौधे लगाए।**

श्री पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में साढे 5 करोड़ पौधों का रोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा फर्ज बनता है कि इन पौधों की सुरक्षा करें और इन्हें पेड़ बनाए। उन्होंने कहा कि पौधा है तो जल है, जल है तो कल है, जीवन के लिए भी पेड़ अत्यंत जरूरी है। आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित, स्वस्थ तथा बेहतर जीवन के लिए भी पेड़ों की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण का यह जन आंदोलन आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### हरियाली धरती मां का है श्रृंगार, नागरिक करें धरती को तेजी से हरा भराः विजयवर्गीय

नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इंदौर जिले में 51 लाख पौधे लगाए जाने का कार्य तेजी से जारी है। इस महत्वाकांक्षी अभियान में समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी मिल रही है। अब हमने निर्णय लिया है कि इस तरह का अभियान हर वर्ष चलाया जाएगा। इंदौर को हरियाली से आच्छादित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धरती मां की सेवा करना हमारा फर्ज है। हरियाली धरती माता का श्रृंगार है। हमें आगे आकर धरती मां को श्रृंगारित करने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना होंगे। उन्होंने कहा कि धरती पर बढ़ते तापमान और वर्षा की कमी पौधे नहीं लगाई जाने से हो रही है। पर्यावरण को अनुकूल बनाने के लिए पौधे लगाए जाएं। कार्यक्रम को सांसद सुश्री कविता पाटीदार ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद सुश्री पाटीदार, पूर्व विधायक अंतर सिंह दरबार, चिंटू वर्मा, सतीश मालवीय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकरण भाभर, मनोज ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से मौजूद थे।

### मंत्री पटेल ने किया पाटीदार महाविद्यालय महू में पौधरोपण

ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने बुधवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान में स्व. भेरूलाल पाटीदार महाविद्यालय महू में पौध-रोपण किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक सुश्री उषा ठाकुर और जन-प्रतिनिधिगण मौजूद थे। मंत्री श्री पटेल ने कार्यक्रम में मौजूद नागरिकों एवं जन-प्रतिनिधियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलायी। विधायक सुश्री उषा ठाकुर ने बताया कि जितने भी पौधे लगाए जा रहे हैं, उन्हें पोर्टल पर अपलोड कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा लगाये गये पौधे को बड़ा करने का दायित्व भी लें और बड़ा होने तक उनका संरक्षण करें।

## एमपी हाउसिंग बोर्ड की समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने दी योजनाओं की जानकारी



भोपाल(काप्र)।

**राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने आज एमपी हाउसिंग बोर्ड की समीक्षा बैठक ली। राजधानी स्थित मुख्यालय पर्यावास भवन में आयोजित बैठक में मंत्री ने विभाग की पूरी कार्यप्रणाली के साथ सभी योजनाओं की जानकारी ली।**

हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर चंद्रमौलि शुक्ला ने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से मंत्री को विभाग और सभी प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर ने मण्डल की अधोसंरचना, मण्डल की रिक्त/अविक्रित संपत्तियों की जानकारी, मण्डल की अतिक्रमण की गई संपत्तियों की जानकारी, मण्डल द्वारा अधिग्रहण की गई संपत्तियों की जानकारी, मण्डल द्वारा निर्मित आवासीय भवनों/व्यवसायिक सम्पत्तियों, लीज रेन्ट की जानकारी, वृत्त रीवा अंतर्गत वर्तमान में चल रहे मण्डल के विकास कार्य संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में हाउसिंग बोर्ड की मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुश्री तृप्ति श्रीवास्तव, मुख्य संपदा अधिकारी डी.एस. तोमर, एडिशनल हाउसिंग कमिश्नर शैलेंद्र वर्मा, सुमन सिंह व एनडी अहिरवार सहित मंडल के प्रमुख अधिकारीगण शामिल हुए।